भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 357**

उत्तर देने की तारीख 02 जनवरी, 2026
13 माघ, 1947 (शक)

# युवा सशक्तिकरण के लिए एमवाई भारत प्लेटफॉर्म का उपयोग और प्रभाव

**357 एडवोकेट चन्द्र शेखरः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2026 की शुरुआत तक 'एम वाई भारत' प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण की सटीक संख्या, इंटर्नशिप प्लेसमेंट और नेतृत्व विकास परिणामों का ब्यौरा क्या है और साथ ही 'पोस्ट-वॉलन्टियर' चयन के बाद की स्थिति और प्रशासनिक अपडेट का राज्य-वार / संघ राज्यक्षेत्र-वार डेटा क्या है;

(ख) 'एमवाई भारत' जुड़ाव और नौकरी के संपर्कों में पहचानी गई बाधाएं क्या हैं, विशेष रूप से विश्व बैंक के उन आंकड़ों को देखते हुए जो तुलनीय कौशल मॉडलों में केवल 54-65% प्लेसमेंट सफलता दिखाते हैं और इसे ठीक करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) 'एमवाई भारत' की निगरानी और वर्ष 2025-26 में अन्य युवा योजनाओं के साथ इसके अभिसरण का ब्यौरा क्या है; और

(घ) भागीदारी बढ़ाने और राष्ट्रीय विकास में सक्रिय नागरिकों और नेताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा स्पष्ट समय-सीमा के साथ प्रस्तावित कौशल-निर्माण एकीकरण सहित संवर्द्धन का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) दिनांक 27.01.2026 की स्थिति के अनुसार, 'माय भारत' पोर्टल (https://mybharat.gov.in/) पर कुल पंजीकरण संख्या 2,07,66,353 है। 'माय भारत' एक युवा सहभागिता और भागीदारी मंच के रूप में कार्य करता है, जिसपर युवा पंजीकरण करा सकते हैं, प्रोफ़ाइल निर्माण कर सकते हैं तथा अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों, स्वैच्छिक सेवा अवसरों और साझेदार मंत्रालयों, संगठनों एवं संस्थानों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता कर सकते हैं।

इस मंच का रिपोर्टिंग ढांचा वर्तमान में युवाओं के पंजीकरण, कार्यकलापों की सूची, साझेदारों की ऑनबोर्डिंग और सहभागिता के स्तर जैसे संकेतकों को दर्ज करता है ताकि युवा भागीदारी और डिजिटल जुड़ाव में वृद्धि का आकलन किया जा सके। वर्तमान में, 'माय भारत' एक समर्पित कौशल विकास, रोजगार या प्लेसमेंट पोर्टल नहीं है और भागीदारी एवं जुड़ाव के मापदंडों से परे रोजगार-योग्यता परिणामों को मापने वाले कोई अलग प्रभाव संकेतक परिकल्पित नहीं किए गए हैं।

(ख) 'माय भारत' एक युवा सहभागिता और स्वैच्छिक सेवा मंच के रूप में कार्य करता है, न कि एक रोजगार प्लेसमेंट पोर्टल के रूप में। इस मंच पर युवाओं की सहभागिता मंत्रालयों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक संस्थानों और अन्य हितधारकों के साथ संरचित सहयोग के माध्यम से की जाती है। अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ईएलपी) आयोजित किए जाते हैं ताकि युवाओं को सार्वजनिक सेवा प्रदायन प्रणालियों का अल्पकालिक अनुभव प्राप्त हो सके। प्रत्यक्ष रोजगार प्लेसमेंट या रोजगार संबंद्धता स्थापित करना इस मंच का घोषित उद्देश्य नहीं है।

(ग) वर्ष 2025–26 के दौरान 'माय भारत' के अंतर्गत कार्यकलापों की निगरानी एक समर्पित आंतरिक डैशबोर्ड के माध्यम से की जा रही है, जो 'माय भारत' पोर्टल के साथ एकीकृत है। यह डैशबोर्ड युवाओं की भागीदारी, आयोजित गतिविधियों, मंत्रालयों/विभागों तथा अन्य हितधारकों के साथ साझेदारी से संबंधित वास्तविक समय के आँकड़े दर्ज करता है। 'माय भारत' पोर्टल मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और संस्थानों को अपने कार्यक्रमों को शामिल करने और आयोजित करने की सुविधा प्रदान करता है। यह युवाओं को एकल पहुँच बिंदु प्रदान करके अभिसरण को सुगम बनाता है, जिसके माध्यम से वे विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियों में स्वेच्छा से भाग ले सकते हैं और अनुभवात्मक अवसर प्राप्त कर सकते हैं। युवा कार्यक्रम विभाग के प्रमुख पहलों जैसे की राष्ट्रीय युवा महोत्सव: 'विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) 2026' वर्ष 2025–26 के दौरान पोर्टल पर आयोजित किए गए। वीबीवाईएलडी के अंतर्गत लाखों युवाओं ने विभिन्न सहभागिता ट्रैकों में भाग लिया, जैसे कि प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, सामाजिक उद्देश्य हेतु हैक, 'डिज़ाइन फॉर भारत' तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ जैसे कि कविता लेखन, चित्रकला, लोक संगीत और लोक नृत्य, जो देशव्यापी व्यापक भागीदारी को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, 'माय भारत - राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)' स्वैच्छिक कार्यकलापों की मेजबानी हेतु 'माय भारत' मंच का उपयोग करती है, जिससे देशभर के संस्थानों के स्वयंसेवक एकीकृत डिजिटल निगरानी ढांचे के माध्यम से भाग ले सकें।

(घ) 'माय भारत' मंच में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा कौशल निर्माण और नेतृत्व विकास को सुदृढ़ करने के लिए चरणबद्ध तरीके से सुधार किए जा रहे हैं। प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

क. डिजिटल पहुँच एवं समावेशन: मंच को 22 भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाया जा रहा है, साथ ही एंड्रॉइड और आईओएस के लिए एक मोबाइल ऐप्लिकेशन भी विकसित किया जा रहा है, ताकि डिजिटल अभाव को कम किया जा सके और पहुँच का विस्तार किया जा सके।

ख. कोर मंच का उन्नयन: युवाओं के पंजीकरण, गतिविधियों की सूची, स्वैच्छिक भागीदारी और सहभागिता ट्रैकिंग को कवर करने वाले कोर मॉड्यूल चरणबद्ध तरीके से विकसित किए जा रहे हैं और उनका परीक्षण किया जा रहा है।

ग. ज्ञान निर्माण मॉड्यूल: 'माय भारत क्विज़', 'माय भारत निबंध', 'डिज़ाइन फॉर भारत' और 'हैक फॉर सोशल' जैसे इंटरैक्टिव मॉड्यूल चलाए/अद्यतन किए गए हैं, ताकि विश्लेषणात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा दिया जा सके।

घ. प्रौद्योगिकी एकीकरण: भाषिणी के साथ स्पीच-टू-टेक्स्ट सुविधा के एकीकरण हेतु अन्य सरकारी मंच जैसे कि सीएससी, 'हर घर तिरंगा' पोर्टल, 'मिशन लाइफ़' आदि के साथ एकीकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 'माय भारत' उपयोगकर्ता सहायता हेतु एआई-आधारित चैटबॉट की शुरुआत की गई है।

इस मंच ने युवाओं के पंजीकरण तथा मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के अंतर्गत साझेदार संस्थानों के ऑनबोर्डिंग में निरंतर वृद्धि दर्ज की है। एकीकरण पाइपलाइन में स्वैच्छिक सेवा, अनुभवात्मक शिक्षण और क्षमता निर्माण से संबंधित मॉड्यूल शामिल हैं। इन मॉड्यूल का तकनीकी और प्रशासनिक विचारों के अधीन, संबंधित हितधारकों के सहयोग से सुधार किया जा रहा है, जो मंच के सतत विस्तार का अंग है।

*****